an>

Title: Regarding deterioration in education system in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, पूरे बिहार में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। आए दिन शिक्षकों को, खासकर अनुबंध पर प्रतिनियुक्त शिक्षकों को, धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ता है। सरकार उनकी बातों को सुने, उनकी समस्याओं का निदान करे। पर, उसके ज़गह पर वह उनके ऊपर लाठियां बरसाने का काम करती है, उन्हें जेलों में डालने का काम करती है। शिक्षा की दÂिट से बिहार आज बड़े अराजक दौर से गुज़र रहा है।

महोदय, सारण जिला में जय प्रकाश विश्वविद्यालय स्थापित है। उस विश्वविद्यालय में पदस्थापित कुलपति एवं रजिस्ट्रार एक बड़े घोटाले में निगरानी विभाग की जांच में फंसे हुए हैं। महीनों तक फरार एवं चार्जशीटेड रहने के बाद निगरानी विभाग द्वारा संबंधित स्थानों पर अग्रेतर कार्रवाई हेतु कागज़ात भेजे गए हैं। कुलपति एवं रजिस्ट्रार के ऐसे घोटाले में फंसे रहने के कारण विश्वविद्यालय में पठन-पाठन एवं परीक्षाफल प्रभावित है। वहां अराजक स्थिति बनी हुई है। छात्रों का परीक्षाफल प्रकाशित नहीं होने के कारण छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा विश्वविद्यालय में प्रतिदिन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। वहां लगभग चालीस हजार से ज्यादा छात्रों का परीक्षाफल लंबित है। मनमाने तरीके से विश्वविद्यालय के संचालन के कारण महाविद्यालयों को जो अनुदान मिलता है, उसका भी सही तरीके से वितरण नहीं हो पा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति एवं रजिस्ट्रार पर शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करे। वहां अराजक स्थिति बनी हुई है। छात्रों का परीक्षाफल नहीं निकल रहा है। छात्र प्रतिदिन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां के महाविद्यालय, चाहे जगदम महाविद्यालय हो या राजेन्द्र महाविद्यालय हो, बन्द पड़े हुए हैं। महाविद्यालयों में प्रतिदिन छात्रों के द्वारा आगजनी की जा रही है, उनके ऊपर कुशल कार्रवाई करें और एक सख्त निर्देश दें। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: All right. Now we are taking up Second Supplementary List of Business. After that, we will continue the 'Zero Hour'.

<u>12.54 hrs</u>

GOVERNMENT BILLS- Introduced .... Contd.